भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 2548

गुरूवार, 24 मार्च, 2022/3 चैत्र, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**उत्तराखंड में 'स्वदेश दर्शन योजना'**

**2548. श्री नरेश बंसलः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार 'स्वदेश दर्शन योजना' का विस्तार करने के लिए इसमें छह और पर्यावरण अनुकूल थीम परियोजनाएं शामिल करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और इसके लिए किन क्षेत्रों की पहचान की गई है; और

(ग) उत्तराखंड में निर्दिष्ट योजना का ब्यौरा क्या है और क्या इसके लिए कोई निधि आंवटित की गई है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय ने 'स्वदेश दर्शन' योजना के इको-परिपथ थीम के तहत कुल 06 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। पर्यटन मंत्रालय ने अब एक गंतव्य और पर्यटन केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए देश में नई परियोजनाओं की मंजूरी के लिए स्वदेश दर्शन योजना को नया रूप दिया है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और "तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) पर राष्ट्रीय मिशन" की अपनी योजनाओं के तहत उत्तराखंड सहित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। उत्तराखंड राज्य में इन योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में है।

******

**अनुबंध**

उत्तराखंड में स्वदेश दर्शन योजना के संबंध में दिनांक 24.03.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2548 के भाग (ग) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजनाओं के तहत उत्तराखंड में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण।

**(राशि करोड़ रू. में)**

| क्र. सं. | थीम/स्वीकृति का वर्ष | | परियोजना का नाम | स्वीकृति राशि | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्वदेश दर्शन** | | | | | |
| 1. | इको परिपथ | 2015-16 | टिहरी झील और उसके आसपास विकास के लिए इको-पर्यटन, साहसिक खेल, संबद्ध पर्यटन संबंधी बुनियादी ढांचे का एकीकृत विकास | 69.17 | 65.71 |
| 2. | विरासत परिपथ | 2016-17 | कुमाऊं क्षेत्र – कटारमल – जोगेश्वर – बैजनाथ – देवीधुरा में विरासत परिपथ का विकास | 76.32 | 67.62 |
| **प्रशाद** | | | | | |
| 1. | 2015-16 | | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 34.77 | 34.77 |
| 2. | 2018-19 | | प्रसाद योजना के तहत बद्रीनाथ जी धाम (उत्तराखंड) में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए बुनियादी ढांचे का विकास | 39.24 | 20.79 |
| 3. | 2021-22 | | प्रसाद योजना के तहत उत्तराखंड में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं का विस्तार | 54.36 | 14.06 |

******